# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

## प्रवेश 2026-27 तिथि विस्तारित हेतु आवश्यक सूचना

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे सीधे प्रवेश (Direct Admission) के विभिन्न पाठ्यक्रमों में आन लाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10 अगस्त, 2026 थी। वर्तमान में विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। सीधे प्रवेश (Direct Admission) के पाठ्यक्रमों में B.Com (Hons.), B.Com (Banking Financial Servises & Insurance), M.B.A. (F.M.) एवं B.Sc. (Hons.) Forensic Science, B.Sc. (Hons.) Biotechnology पाठ्यक्रमों को छोड़कर शेष पाठ्यक्रमों में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुये माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार ऑन लाईन आवेदन एवं प्रवेश कन्फर्म करने हेतु अन्तिम तिथि 20 अगस्त, 2026 तक विस्तारित की जाती है।

इसके अतिरिक्त प्रवेश परीक्षा (Entrance Test) के विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसेः- B.Pharm (Lateral Entry), M.Pharm (Pharmacognosy & Pharmaceutical Chemistry), LL.M. में ऑन लाईन प्रवेश कन्फर्म एवं वार्षिक शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 10 अगस्त, 2026 थी। उक्त पाठ्यक्रमों में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार सीधे प्रवेश हेतु आवेदन आंमत्रित किये जा रहे है। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 20 अगस्त, 2026 तक आवेदन करते हुये प्रवेश कन्फर्म करा सकते है।

इसके अतिरिक्त सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित समस्त व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10 अगस्त, 2026 थी, जिसे छात्रहित में आदेशानुसार दिनांक 20 अगस्त, 2026 तक विस्तारित की जाती है।

निर्धारित तिथि के पश्चात ऑन लाइन/ऑफ लाइन प्रवेश कन्फर्म पर विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों के लिए यह अन्तिम अवसर है।

यह उपरोक्त प्रवेश प्रकिया 'पहले आओ-पहले पाओ' के तहत रहेगी।

अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bujhansi.ac.in & Samarth Portal Link : https://bujhansiadm.samarth.edu.in पर उपलब्ध है।

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
कुलसचिव

पत्रांकः- बु.वि./प्रवेश सैल/2026/455 दिनांकः- 10.08.2026

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. दैनिक जागरण, झांसी एवं दैनिक अमर उजाला, झांसी को इस आशय से प्रेषित कि अपने लोकप्रिय समाचार पत्र छात्रहित में उक्त सूचना को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, प्रवेश प्रकोष्ठ - 2026-27
3. कुलपति के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. श्री दीपक तोमर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. कुलसचिव के आशुलिपिक।

कुलसचिव

# सूचना

विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संचालित पाठ्यक्रमों यथा – B.A.LL.B./ LL.B./ B.El.Ed./ B.Sc. Agricultural Sciences (Hons.)/ M.Sc. (Ag.) – All Branches/ M.Ed./ B.P.Ed. पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर प्रवेश लेने हेतु दिनांक 13 से 17 जुलाई, 2026 तक निर्धारित की गई थी। तकनीकी कारणों से उक्त प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ न होने की दशा में प्रवेश प्रक्रिया को पुनः दिनांक 21 जुलाई, 2026 तक विस्तारित करते हुये प्रवेश कन्फर्म कराये जाने के आदेश दिये गये थे एवं द्वितीय चरण में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तथा तृतीय चरण में 10 अगस्त, 2026 तक प्रवेश कन्फर्म कराये जाने के आदेश थे। प्रथम एवं द्वितीय तथा तृतीय प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त उक्त पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों में छात्रों को कार्य दिवसों में विश्वविद्यालय/सम्बन्धित महाविद्यालय में प्रवेश ऑन लाइन अथवा ऑफ लाइन कन्फर्म करने के निर्देश दिये गये थे। अर्थात पूर्ण वार्षिक शुल्क दिनांक 10 अगस्त, 2026 तक जमा किया जाना था।

नये छात्रों के प्रवेश हेतु B.Sc. Agricultural Sciences (Hons.) / B.A.LL.B./ LL.B./ B.P.Ed./ B.El.Ed./ M.Ed. /M.Sc. Agricultural Science (All Branches), पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में मैरिट के आधार पर दिनांक 20.08.2026 तक प्रवेश ले सकते है, जिसके लिए अभ्यर्थी को समर्थ पोर्टल की वेबसाइट पर जाकर दिनांक 11.08.2026 से सर्वप्रथम ऑन लाइन आवेदन करना होगा। जिसके लिए उन्हें आवेदन शुल्क रू0 1,000/- सामान्य, अन्य पिछडा वर्ग तथा रू0 500/- अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए आन लाइन जमा करना अनिवार्य होगा।

दिनांक 11.08.2026 से सम्बद्ध महाविद्यालयों के (Login ID) पर आयोजित प्रवेश परीक्षा 2026 की B.A.LL.B./ LL.B./ B.El.Ed./ B.Sc. Agricultural Sciences (Hons.)/ M.Sc. (Ag.) – All Branches/ M.Ed./ B.P.Ed. पाठ्यक्रमों में समस्त मैरिट एवं प्रवेश परीक्षा में अनुपस्थित छात्रों की भी सूची प्रदान कर दी जायेगी। जिसे विश्वविद्यालय/सम्बन्धित महाविद्यालय में रिक्त स्थानों के सापेक्ष इच्छुक अभ्यर्थी को दिनांक 11.08.2026 से महाविद्यालय में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय/सम्बन्धित महाविद्यालय में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार दिनांक 20 अगस्त, 2026 तक अपना ऑन लाइन/ऑफ लाइन प्रवेश कन्फर्म करा सकते हैं जिसके लिये अभ्यर्थी को अपने साथ रजिस्ट्रेशन I.D. एवं पासवर्ड ले जाना अनिवार्य होगा। जिसे सम्बन्धित महाविद्यालयों/विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष/ समन्वयक/ प्राचार्य/प्राचार्या अपने स्तर से मेरिट एवं आरक्षण के नियमों के आलोक में सुनिश्चित करें।

**B.P.ED.** पाठ्यक्रम में सीधे प्रवेश (प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित न होने के कारण) सक्षम स्तर से अनुमति के बिना स्वीकार नहीं किये जाएगें।

निर्धारित तिथि के पश्चात ऑन लाइन/ऑफ लाइन प्रवेश कन्फर्म पर विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों के लिए यह अन्तिम अवसर है।

यह उपरोक्त प्रवेश प्रकिया 'पहले आओ-पहले पाओ' के तहत रहेगी।

इसके अतिरिक्त प्रवेश के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.bujhansi.ac.in & Samarth Portal Link : https://bujhansiadm.samarth.edu.in** पर उपलब्ध होगी।

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
कुलसचिव

## बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

पत्रांक-बु0वि0/2026/प्रवेश सैल/456 दिनांक – 10.08.2026

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक महोदय, दैनिक जागरण, झांसी एवं दैनिक अमर उजाला, झांसी को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. वित्त अधिकारी।
3. प्रभारी, प्रवेश परीक्षा 2026
4. सम्बन्धित महाविद्यालयों के विभागाध्यक्ष/समन्वयक/प्रबन्धकों/प्राचार्यो को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त पाठ्यक्रमों में आप अपने स्तर से मेरिट के आधार निर्धारित तिथि तक प्रवेश सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. कुलपति जी के निजी सचिव।
6. कुलसचिव के आशुलिपिक।
7. डा0 दीपक तोमर, सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अति शीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइड एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्यो की लागिग आई.डी. पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव